## मेडिकल स्टोर संचालक ने ग्राहक को थमाई एक्सपायर्ड दवाई

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अंबाह, 9 जनवरी।** कस्बे में संचालित पूजा कैमिस्ट मेडिकल स्टोर के संचालक ने एक बार फिर उपभोक्ता को एक्सपायर डेट की दवाईयां थमा दीं।

जानकारी के अनुसार ग्राम थरा निवासी अभिमन्यु सिंह तोमर अपनी मां के लिए थायराइड की दवाइयां लेने पूजा केमिस्ट पहुंचे थे। मेडिकल स्टोर संचालक ने 190 रुपये लेकर जनवरी माह में समाप्त होने वाली अवधि (एक्सपायरी) की दवा थमा दी। कम पढ़ा-लिखा होने के कारण अभिमन्यु टेबलेट की शीशी अपने घर ले गए। जब गांव में उन्होंने दवा संबंधी जानकारी रखने वाले व्यक्ति से दवाई की शीशी चेक कराई तो वह एक्सपायर्ड निकली। उसे लौटाने के लिए मेडिकल स्टोर पहुंचा। बाद ग्राहक ने 175 रुपये में नई अवधि वाली दवा खरीदी। इस पूरे घटनाक्रम को कैमरे में कैद किया। आरोप है कि मेडिकल संचालक के बेटे ने पीड़ित का पीछा करते हुए दबाव बनाया और वीडियो डिलीट करने की धमकी दी।

**पहले भी आई शिकायतें, ड्रग इंस्पेक्टर ने किया अनसुना :** यहां बता दें कि अगस्त-सितंबर माह में एक्सपायरी दवाइयां बेचने के मामले इसी मेडिकल स्टोर पर सामने आए थे। उस समय जांच के नाम पर खानापूर्ति करते हुए ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा मेडिकल को क्लीन चिट दे दी और पुन: अनुज्ञा प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया।

> अंबाह में स्थित पूजा केमिस्ट द्वारा एक्सपायरी डेट की दवाईयां बेचे जाने की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। मामला अत्यंत गंभीर है क्योंकि यह सीधे आमजन के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। शिकायतों के आधार पर संबंधित मेडिकल स्टोर की तत्काल जांच कराई जा रही है।
> – बीएल बिरथरिया, ड्रग इंस्पेक्टर मुरैना



## बार कौंसिल के पदाधिकारी-निर्वाचन अधिकारियों का सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 9 जनवरी।** जिला न्यायालय के बार रूम में कांग्रेस नेताओं ने बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरीसिंह सिकरवार सहित सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों, चुनाव अधिकारियों का शॉल एवं पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर मप्र उच्च न्यायालय ग्वालियर की अधिवक्ता ऋचा भदौरिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक भदौरिया, नरेंद्र सिंह सिकरवार, किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महामंत्री रामचित्र सिंह महाना, आईटी सेल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बलवीर सिंह परमार मौजूद रहे।

## उम्मेदगढ़ बांसी का पूर्व सरपंच घर में मृत मिला, मामला संदिग्ध

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 9 जनवरी।** उम्मेदगढ़ बांसी पंचायत का पूर्व सरपंच बारेलाल जाटव 9 जनवरी को मुरैना शहर के अंबेडकर नगर स्थित आवास में मृत पाया गया। उसकी मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई, यह जांच का विषय बनी हुई है।

**सिविल लाईन थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर की घटना, पुलिस जांच में जुटी**

जानकारी के अनुसार बागचीनी क्षेत्र की ग्राम पंचायत उम्मेदगढ़ बांसी के पूर्व सरपंच बारेलाल जाटव 48 पुत्र भगरीराम जाटव का मुरैना शहर में अंबेडकर कॉलोनी में मकान है। बारेलाल का मकान अक्सर खाली पड़ा रहता था। कभी-कभार बारेलाल अथवा उसके परिवार के लोग मुरैना आने पर यहां ठहरते थे। बारेलाल दो दिन पूर्व गांव से मुरैना आया था। जिसके बाद वो गांव नहीं पहुंचा, मुरैना स्थित मकान में ठहरा हुआ था। शुक्रवार की शाम बारेलाल के भाई सरनाम जाटव की सूचना पर सिविल लाईन पुलिस मौके पर पहुंचीं तो वहां बिस्तर पर बारेलाल अचेतावस्था में पड़ा हुआ था। उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बारेलाल के भाई सरनाम ने पुलिस को बताया है कि शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे उसकी मोबाइल फोन पर बारेलाल से बातचीत हुई थी। पड़ौस में ही बारेलाल के जीजा रामवीर का भी मकान है। शुक्रवार की शाम जब सरनाम और मृतक बारेलाल का पुत्र मुरैना स्थित मकान पर पहुंचें तो यहां बारेलाल मृत अवस्था में मिला। बहरहाल मामला संदेहास्पद है, पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉर्च्युरी में रखवाया गया है।

## कांग्रेस का इंदौर में पैदल मार्च कल, मुरैना से जाएंगे कार्यकर्ता

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 9 जनवरी।** इंदौर के भागीरथपुरा में मल-मूत्र मिले दूषित पानी को पीने से 20 लोगों की मौत की घटना ने देश में इंदौर ही नहीं समूचे मध्यप्रदेश को शर्मसार किया है। वहीं घटना के बाद मप्र सरकार के कैबिनेट मंत्री द्वारा दिया गया घंटा वाला बयान भाजपा की मप्र सरकार के संवेदनहीन होने का परिचायक है। इस घटना के विरोध में कांग्रेस द्वारा 11 मार्च को इंदौर में पैदल मार्च निकाला जाएगा। जिसमें मुरैना सहित प्रदेशभर के कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे।

**कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा दूषित पानी से 20 लोगों की मौत ने मप्र को किया शर्मसार**



यह बात कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर ने कही। श्री तोमर, 9 जनवरी को नगर निगम सभापति राधारमण डंडौतिया के कमिश्नर कॉलोनी स्थित बंगले पर पत्रकारों से मुखातिब थे। उनके साथ सभापति राधारमण डंडौतिया, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, प्रबलप्रताप मावई, जसवीर सिंह गुर्जर, राजेन्द्र यादव, रामलखन डंडौतिया, विनोद शर्मा, प्रवक्ता हरीश पाठक आदि उपस्थित थे। प्रेसवार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दूषित पानी से 20 लोगों की मौत की घटना ने प्रशासनिक विफलता को उजागर कर दिया है।

इस विफलता को छुपाने मप्र सरकार के मंत्रियों के बयान निंदनीय होकर सरकार के संवेदनहीन होने का प्रमाण है। सभापति राधारमण डंडौतिया ने कहा कि कल 11 जनवरी को प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में सुबह 11 बजे इंदौर में बड़ा गणपत मंदिर से राजवाड़ा चौक स्थित अहिल्याबाई होल्कर के प्रतिमा स्थल तक विशाल पैदल मार्च निकाला जाएगा। जिसमें मुरैना से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। पैदल मार्च निकालकर कांग्रेस द्वारा इंदौर महापौर को हटाए जाने, शर्मनाक बयान देने वाले मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का तत्काल इस्तीफा लिए जाने, मृतकों के परिजन को एक-एक करोड़ की आर्थिक सहायता दिए जाने, घटना की निष्पक्ष न्यायिक जांच किए जाने की मांगें की जाएंगी।

### एक नजर में

#### गोल्फ में मिनी नेशनल चैंपियन बनी कैलारस की महक

**मुरैना/कैलारस, 9 जनवरी।** निवासी महक जगा ने राष्ट्रीय गोल्फ मिनी चैंपियनशिप के लिए मप्र की टीम की ओर से खेलते हुए हुई खेल प्रतियोगिता देवास में हुई। राष्ट्रीय गोल्फ मिनी चैंपियनशिप के लिए चयन प्रक्रिया मध्य प्रदेश के देवास जिले में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में मप्र के 16 खिलाड़ियों का चयन हुआ, जिसमें कैलारस की बेटी महक जगा भी शामिल हैं। मुख्य चयन करता मप्र मिनी गोल्फके डिप्टी सेक्रेटरी भरत वर्मा, शशिकांत नक्सवाल, विकास देशमुख, निधि सावनेर ने मिलकर महक का चयन खेल प्रक्रिया के अनुसार किया। राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता नागपुर में 3 जनवरी से 8 तक हुई। सभी खिलाड़ियों ने खेल कौशल प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता की संपन्नता के बाद विजयी प्रतियोगियों को ट्रॉफी और गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। गोल्फ खिलाड़ी महक जगा का कहना है की बेटियों को आने वाले खेलों की किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ना रोके और माता-पिता खुद आगे आकर बच्चियों को खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।



#### चैकिंग के दौरान घरों में जलते मिले 26 हीटर जब्त

**मुरैना।** बिजली कंपनी द्वारा शहर की वनखंडी रोड इलाके में घरों में अवैध रूप से जलने वाले हीटरों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने घरों के अंदर से 26 हीटर जब्त किए, जो बिजली लाइनों पर सीधे तार खींचकर जलाए जा रहे थे। बिजली कंपनी के एई अशोक शर्मा, जेई सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में चलाई गई इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।



#### अंकुश ने जीती युवा शक्ति मैराथन, मनोज रहे रनरअप

**मुरैना।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मुरैना नगर इकाई के तत्वाधान में शुक्रवार की सुबह युवा शक्ति मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस मैराथन में अंकुश कंषाना पहले स्थान पर रहे। जबकि मनोज तोमर दूसरे और रवि त्यागी ने तीसरा स्थान हासिल किया। अभाविप द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में युवा शक्ति मैराथन दौड़ कराई गई। 2400 मीटर मैराथन दौड़ अंबेडकर स्टेडियम से शुरू हुई, मैराथन में शामिल युवा एमएस रोड होकर पुराना बस स्टैंड पहुंचें, यहां से यू-टर्न लेकर पुन: एमएस रोड से दौड़ते हुए स्टेडियम पहुंचें। जहां दौड़ का समापन हुआ। मैराथन दौड़ का शुभारंभ प्रांत उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश तोमर, महापौर शारदा सोलंकी ने किया। मैराथन दौड़ में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभाविप पदाधिकारियों ने बताया कि मैराथन दौड़ का उद्देश्य युवाओं को स्वास्थ्य, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना के लिए प्रेरित करना रहा।



#### जैन संत विहसंत सागर का नगर में मंगल आगमन आज

**मुरैना।** जैन संत मेडिटेशन गुरु उपाध्याय विहसंत सागर महाराज का शनिवार शाम को बड़े जैन मंदिर में भव्य मंगल आगमन होगा। जानकारी के अनुसार संत उपाध्याय विहसंत सागर एवं मुनिश्री विश्वसाम्य सागर महाराज का मंगल पद विहार आगरा की ओर चल रहा है। ग्वालियर में पनिहार के निकट स्थित जैन तीर्थ जिनेश्वरधाम में भव्यतिभव्य जिन प्रतिमाओं का महामस्तकाभिषेक एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान कराने के बाद एबी रोड ग्वालियर हाइवे पर होगा। दोपहर 02 बजे पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर मुरैना के लिए मंगल पद विहार होगा। जैन संत मेडिटेशन गुरु उपाध्याय विहसंत सागर के मंगल नगरागमन पर स्थानीय जैन समाज द्वारा भव्य आगवानी की जाएगी। नगर की सीमा बैरियर चौराहे से पूज्य जैन संतों को बैंड बाजों के साथ भव्य शोभायात्रा के रूप में नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बड़े जैन मंदिर में प्रवेश कराया जाएगा।



#### सोसाइटी संचालक 3 महिलाओं पर गबन की एफआईआर

**मुरैना।** चिन्नौनी सहकारी सोसाइटी की तीन महिला संचालकों के विरुद्ध पुलिस ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के गेंहू एवं चावल का गबन किए जाने की एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि करीब डेढ़ दर्जन लोगों की शिकायत के बाद कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए थे। जांच के दौरान सोसाइटी संचालकों द्वारा गेंहू एवं चावल का हितग्राहियों को वितरण न करते हुए गबन किए जाने का पता चला। जांच में दोषी पाए जाने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पहाड़गढ़ रामनरेश परमार की शिकायत पर चिन्नौनी पुलिस ने सोसाइटी संचालक श्रीमती वर्षा तिवारी, श्रीमती मीना शुक्ला और श्रीमती नीरज गौड़ के विरुद्ध 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अपराध क्रं. 02/26 दर्ज कर लिया है।

## जहां नलों से पेयजल सप्लाई बंद, वहां पंचायतें जल्द मेंटनेंस कराएं

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 9 जनवरी।** जल जीवन मिशन की जिलास्तरीय समीक्षा कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई। बैठक में नल-जल योजनाओं की अद्यतन स्थितिए भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, हैंडओवर की प्रक्रिया, लंबित कार्यों, भुगतान संबंधी समस्याओं तथा फील्ड स्तर पर आ रही व्यावहारिक चुनौतियों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में सांसद शिवमंगल सिंह तोमर भी मौजूद रहे।

**जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने जताई नाराजगी, दिए निर्देश**



बैठक में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने कहा कि जो भी नल-जल योजनाएं अधूरी हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराएं। पालन प्रतिवेदन के जरिए 6 महीने से बंद कार्यों, उनमें आ रही भुगतान संबंधी समस्याओं तथा हैंडओवर की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि जिन योजनाओं का हैंडओवर हो चुका है, उनकी पूरी जिम्मेदारी पंचायतों की होगी। पंचायतें यह तय करें कि छोटी-मोटी खराबियों के कारण कहीं भी पानी आपूर्ति बाधित न हो। बैठक में जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, मुरैना-जौरा विधायकों के प्रतिनिधि, पीएचई के कार्यपालन यंत्री जितेंद्र मिश्रा सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

**गलत-भ्रामक जानकारी दी तो फील्ड कर्मचारियों की खैर नहीं**

कलेक्टर ने फॉल्स रिपोर्टिंग पर नाराजगी जताते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर गलत या भ्रामक जानकारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पाइपलाइन की गुणवत्ता, प्रेशर टेस्टिंग, मशीनरी की कार्यशील स्थिति तथा रोड रेस्टोरेशन, कामों की गुणवत्ता की गंभीरता से जांच करने के निर्देश दिए। जहां भी पेयजल आपूर्ति बंद है, वहां पंचायतों द्वारा तत्काल मरम्मत कर जलापूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए गए।

**पीएचई विभाग 25 जनवरी तक शेष काम पूरे कराए**

बैठक में कलेक्टर ने ईई पीएचई को निर्देश दिए कि 25 जनवरी तक शेष कार्यों को पूर्ण करने का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें और उसकी नियमित एवं सघन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

### सुखपुरा में घर के सामने खड़े वृद्ध की मारपीट

**मुरैना, 9 जनवरी।** देवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सुखपुरा निवासी राजेश कुमार शर्मा 62 पुत्र कालीचरण शर्मा 8 जनवरी की दोपहर अपने घर के सामने खड़ा हुआ था। तभी ओमवीर सिंह सिकरवार नि. सुखपुरा वहां पहुंचा और गालियां देने लगा, जब राजेश ने उसे गालियां देने से मना किया तो उसने राजेश की मारपीट कर डाली। पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## शुगर मिल को नई तकनीक के साथ सहकारिता में चालू करें



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 9 जनवरी।** शक्कर कारखाना बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में शुक्रवार को तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। इससे पहले समिति के पदाधिकारी, किसानों ने किसान भवन से रैली निकाली।

**शक्कर कारखाना बचाओ संघर्ष समिति ने दिया ज्ञापन, निकाली रैली**

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मप्र किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवारी, किसान नेता गयाराम सिंह धाकड़, कांग्रेस नेता बृजमोहन मरैया, ओमप्रकाश शर्मा, महेश शुक्ला, माकपा नेता ओमप्रकाश श्रीवास, राजेश गुप्ता ने कहा कि कारखाने को एमएसएमई को सौंपने की कार्रवाई निरस्त की जाए। शक्कर कारखाने को नई तकनीक के साथ सहकारिता के क्षेत्र में चलाया जाए और किसान कर्मचारियों का बकाया भुगतान किया जाए।

आंदोलन तेज करने के लिए 11 जनवरी को सबलगढ़ में होने वाली आमसभा में शक्कर कारखाने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाने की घोषणा भी की गई। प्रदर्शन में भौंरूलाल धाकड़, बृजवीर सिकरवार, सुरेश धाकड़, सरमनलाल, सियाराम, महाराज सिंकह, केएन शर्मा आदि शामिल थे।

## शिक्षकों को जरूरी सेवा कानून से डराने की कोशिश बर्दाश्त नहीं

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 9 जनवरी।** मप्र में शिक्षकों पर पहली बार आवश्यक सेवा कानून यानि एस्मा लागू किया गया है, जिसके तहत शिक्षक विरोध प्रदर्शन नहीं कर सकते और छुट्टियों पर भी रोक लगा दी गई है। इसका प्रदेशभर के साथ मुरैना में भी शिक्षक विरोध कर रहे हैं।

**प्रदेश भर के साथ मुरैना के शिक्षक भी कर रहे हैं विरोध**

मुरैना में भी इसके विरोध में बैठक हुई, जिसमें कर्मचारी नेता नरेश सिंह सिकरवार ने कहा कि राष्ट्र निर्माता शिक्षक वर्ग को भयभीत करने और उनकी आवाज दबाने की कोशिश किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। बैठक में विरोध जताने वालों में विमलेश यादव, रघुराज परमार, सतंजय मिश्रा, जगदीश शर्मा, प्रदीप शर्मा, डॉ. हरेंद्र तोमर, रामबरन सिंह पायथा आदि लोग मौजूद रहे।

## एक माह से फरार हत्यारोपी मंजीत गुर्जर गिरफ्तार

**मुरैना, 9 जनवरी।** हत्या के मामले में विगत एक माह से फरार चल रहे आरोपी मंजीत उर्फ कौशल उर्फ बौहरे पुत्र नेमी गुर्जर को नूराबाद पुलिस ने 9 जनवरी को खिरावली गांव से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि हत्या को लेकर दर्ज अपराध क्रमांक-197/25 में नामजद तीन अन्य आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना के बाद से ही आरोपी मंजीत गुर्जर फरार बना हुआ था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी एसआई सौरभ पुरी, प्र.आर. दातार सिंह, लोकेश सोलंकी, आरक्षक सुरेन्द्र, आशीष, शशिकांत शामिल थे।



## रोटरी चंबल का पॉवर स्मैश ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 9 जनवरी।** रोटरी क्लब चंबल का पावर स्मैश ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट पुलिस लाइन स्थित बैडमिंटन कोर्ट में संपन्न हुआ। जिसमें खिलाड़ियों की प्रतिभा को मंच दिया और युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और अनुशासन की भावना को भी सशक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएसपी दीपाली चंदोरिया, रक्षित निरीक्षक आरके शुक्ला, रोटरी के डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी आनंद गुप्ता, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 के सह प्रान्तपाल आकाश चांदिल उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मैडल, नकद पुरस्कार, प्रोटीन बटर पाउडर पैक देकर सम्मानित किया गया।

रोटरी क्लब चंबल की ओर से नीरज बांदिल, करतार सिंह राजपूत, प्रमोद उपाध्याय, गिर्राज अर्गल, गिर्राज शर्मा, कमल गोयल, रोहित शिवहरे, नीरज मित्तल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

**चैंपियनशिप में यह खिलाड़ी रहे विजेता**

- **अंडर-14:** ओमप्रकाश ग्वालियर विजेता, राम मिश्रा झांसी उपविजेता और अर्जुन तोमर मुरैना तीसरे स्थान पर रहे।
- **अंडर-17:** अंश सोनी झांसी विजेता, पार्थ आनंद झांसी उपविजेता और आशीष कुशवाह मुरैना तीसरे स्थान पर रहे।
- **अंडर-19 :** (बालिका) सलोनी ठाकुर ग्वालियर विजेता, दिव्या राजावत ग्वालियर उपविजेता और एकता तोमर मुरैना तीसरे स्थान पर रहीं।

## सड़क हादसे में देवर-भाभी जख्मी, 5 साल के बच्चे की मौत



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 9 जनवरी।** नूराबाद थाना क्षेत्र में एनएच-44 हाईवे पर करूआ गांव के मोड़ के पास एक बेकाबू ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे देवर सहित उसकी भाभी घायल हो गए। जबकि 5 साल के बच्चे की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार की दोपहर होना बताया जा रहा है।

**शुक्रवार की दोपहर एनएच-44 पर करूआ गांव के पास हुआ हादसा**

जानकारी के अनुसार नूराबाद क्षेत्र के ग्राम करूआ निवासी भूपेन्द्र सिंह गुर्जर 32 पुत्र बच्चू सिंह गुर्जर शुक्रवार की दोपहर अपनी भाभी सुमन 35 पत्नी जोगेन्द्र गुर्जर और बीमार भतीजे वंशु गुर्जर 5 पुत्र जोगेन्द्र गुर्जर को डॉक्टर से दवा दिलाने के लिए बाइक पर सवार होकर मुरैना जा रहा था। बाइक सवार देवर-भाभी और भतीजे जब एनएच-44 हाईवे पर करूआ गांव के मोड़ से गुजर रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक एचआर38-एके-3630 ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वे तीनों घायल हो गए। तीनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने मासूम वंशु गुर्जर को मृत घोषित कर दिया। घायल सुमन और भूपेन्द्र को उपचार के लिए भर्ती किया गया है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर ड्राईवर को हिरासत में ले लिया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।



### बाइक चालक के विरुद्ध धारा-106 का मामला दर्ज

**मुरैना, 9 जनवरी।** अंबाह क्षेत्र में विगत 14 दिसंबर को बाइक क्रं. एमपी06-जेडके-1317 के चालक ने अरविंद सखवार 27 पुत्र श्रीकृष्ण सखवार नि. अधन्नपुर अंबाह को टक्कर मारकर जख्मी कर दिया था। अरविंद की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद बाइक चालक के विरुद्ध धारा-106 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।